दिनांक 26.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

(संचार क्रांति योजना कुल 37630 आवेदन फार्म भरें गए है।)

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज ई–टेंडर ट्रेनिंग के साथ–साथ संचार क्रान्ति योजनान्तर्गत जुड़े समस्त नोडल अधिकारी एवं कम्प्युटर ऑपरेटरों को ऑनलाईन पंजीयन किये जाने के संबंध में ट्रेनिंग दी गई।

निगम के द्वारा संचार क्रान्ति योजना के अंतर्गत निगम क्षेत्र के 2007–08 के सर्वे अनुसार निगम भिलाई क्षेत्र में पात्र बीपीएल परिवार के हितग्राहियों को इस योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन दिया जाना है जिसके लिए निगम के अधिकारी, कर्मचारी सभी वार्डों में शिविर लगाकर आवेदन फार्म जमा कराया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री चौहान ने निगम क्षेत्र में 2007–08 के सर्वे अनुसार निगम भिलाई क्षेत्र में पात्र बीपीएल परिवार के हितग्राहियों से अपील की है, कि शासन के द्वारा संचालित संचार क्रान्ति योजना का लाभ उठावे तथा निगम द्वारा लगाये गये शिविर में जा कर अपने आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, स्मार्ट कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर जमा करावें। नगर निगम भिलाई के द्वारा समस्त जोन कार्यालय के अंतर्गत सभी वार्डों में शिविर आयोजित है उक्त शिविर में पात्र हितग्राही स्वयं उपस्थित होकर अपना आवेदन फार्म जमा कर सकते हैं जिसके लिए निगम प्रशासन के द्वारा नोडल अधिकारी सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी शिविर स्थल पर उपस्थित रहकर आपको आवेदन फार्म उपलब्ध कराते हुए जमा करने में सहयोग प्रदान करेंगे। शासन की इस महती योजना को निगम भिलाई द्वारा पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ दिलाने प्रचार–प्रसार भी किया गया है। इस योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन प्रदाय किया जावेगा।

नगर पालिक निगम के समस्त जोन 01, 02, 03, 04, 05 एवं 06 से प्राप्त जानकारी अनुसार कुल 37630 आवेदन फार्म जमा कराये गए।

जनसम्पर्क अधिकारी